विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन

क्रमांक/अकादमिक/सम्बद्धता/2021/ 559 दिनांक : 5/3/2021

प्रति,

प्राचार्य,

बी.सी.जी. शिक्षा महाविद्यालय,

42/2/2,ग्राम-नागूखेड़ी,उज्जैन रोड़,देवास।

विषय :- शिक्षा विषय में शोध केन्द्र प्रारंभ करने के संबंध में।

संदर्भ :- आपका आवेदन पत्र क्रमांक/BCG/2020-21/Q,दिनांक 28.12.2020 एवं पत्र क्रमांक/BCG/2020-21/Q,दिनांक 22.02.2021,

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि, आपके द्वारा संदर्भित पत्र में शिक्षा विषय में शोध केन्द्र प्रारंभ करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था। इस संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा गठित निरीक्षण समिति द्वारा आपके महाविद्यालय का निरीक्षण दिनांक 19.12.2020 को किया गया। निरीक्षण समिति द्वारा प्रस्तुत अनुशंसा को विद्यापरिषद् की स्थाई समिति की बैठक दिनांक 19.01.2021 में प्रस्तुत किया गया, जिसमें निर्णय लिया गया कि,"बी.सी.जी.शिक्षा महाविद्यालय,देवास में शिक्षा पाठ्यक्रम में शोध केन्द्र की सम्बद्धता प्रदान करने हेतु निरीक्षण समिति की अनुशंसा मान्य की गई, निरीक्षण समिति द्वारा निम्नानुसार अनुशंसा की गई :-

"आज दिनांक 23.12.2020 को विक्रम विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति द्वारा बी.सी.जी. शिक्षा महाविद्यालय,देवास (म.प्र.) में शिक्षा विषय पर शोध केन्द्र हेतु निरीक्षण किया गया प्रतिवेदन के मुख्य बिन्दु निम्न है :-

01. महाविद्यालय की आधारभूत संरचना पर्याप्त है।
02. महाविद्यालय में शोध कार्य हेतु पृथक से शोध कक्ष की व्यवस्था की गयी है।
03. महाविद्यालय के पुस्तकालय में पर्याप्त संख्या में पुस्तके तथा शोध जर्नल उपलब्ध है तथापि नए क्रय किये जाने की अनुशंसा समिति करती है।
04. महाविद्यालय में DELNET की सुविधा उपलब्ध है।
05. महाविद्यालय में एक प्राध्यापक (Professor)पीएच.डी.शोध निर्देशक के रूप में विक्रम विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त है तथा 04 प्राध्यापकों के द्वारा विक्रम विश्वविद्यालय में शिक्षा विषय में शोध निर्देशक हेतु मान्यता प्राप्त करने के लिए आवेदन किया गया है।
06. महाविद्यालय के कम्प्यूटर कक्ष में पर्याप्त संख्या में कम्प्यूटर तथा Reprography सुविधा उपलब्ध है। अतः समिति और अधिक पुस्तके, जर्नल तथा पुस्तकालय सॉफ्टवेयर क्रय करने की अनुशंसा के साथ महाविद्यालय को शोध केन्द्र के रूप में मान्यता प्रदान करने की अनुशंसा करती है। महाविद्यालय को उपरोक्त अनुशंसा की शर्तो के आधार पर शिक्षा विषय के शोध केन्द्र प्रारंभ करने की मान्यता प्रदान की जाये।"

विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 19.01.2021 के उक्त निर्णय की अनुशंसा को विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद् की बैठक 22.01.2021 द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई।

अतः उपरोक्त निर्णयानुसार बी.सी.जी.शिक्षा महाविद्यालय,देवास को **शिक्षा विषय में शोध केन्द्र प्रारंभ करने हेतु मान्यता,निरीक्षण समिति द्वारा की गई अनुशंसा/शर्तो के अधीन प्रदान की जाती है।** महाविद्यालय विश्वविद्यालय के पश्चातवर्ती आदेश/निर्देश का पालन करने हेतु बाध्य होगा।

आदेशानुसार

कुलसचिव

निरंतर...02

140 E/New Fold./Affi.college/Dewas/Affili.Latt

क्रमांक/अकादमिक/सम्बद्धता/2021/ 560 दिनांक : 5/3/2021

प्रतिलिपि :-

01. अति.संचालक,उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश शासन, उज्जैन संभाग,शा.माधव विज्ञान महाविद्यालय,उज्जैन
02. प्राचार्य,शासकीय के.पी स्नातकोत्तर(अग्रणी) महाविद्यालय,देवास।
03. निदेशक, महाविद्यालयीन विकास परिषद्, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन
04. उप/सहायक कुलसचिव, परीक्षा/गोपनीय/लेखा विभाग, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन
05. प्रभारी, पीएच.डी. शाखा, अकादमिक विभाग,विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन
06. प्रभारी, ऑनलाईन सेल, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन
07. माननीय कुलपतिजी/कुलसचिवजी के निज सहायक, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन

की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

उपकुलसचिव(अकादमिक)